# आकाशवाणी शिमला

## 12.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

### प्रधानमंत्री सिकल सेल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सिकल सेल रोग से भारत को 2047 तक मुक्त् बनाने से लक्षित ऐतिहासिक पहल पर केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का एक लेख साझा किया। अपने सोशल मीडया हैंडल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन एक नए युग को दर्शाता है। यह समानता, गरिमा सुनिश्चित करने और आनुवंशिक विकार से निपटने का परिचायक है।

### विश्व युवा दिवस

विश्व युवा दिवस के मौके पर हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा आज शिमला में साइकिल रैली और मैराथन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने सरकारी निवास स्थान ओक ओवर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। युवाओं में नशे और एचआईवी के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से इस मैराथन का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और विधायक हरीश जनारथा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं ऐसे में उन्हें सामाजिक बुराइयों से दूर रखने और सजग रहने के लिए इस तरह की मैराथन का आयोजन बेहद आवश्यक है। प्रदेश में हो रही अत्यधिक बारिश और पेड़ गिरने की घटनाओं पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण बदलाव के कारण अत्यधिक बारिशें हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसको लेकर उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की है और पर्यावरण में आए बदलाव के अध्ययन के लिए केंद्र से टीम भी भेजी गई थी जिसकी रिपोर्ट आना बाकी है।

### राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण को हमीरपुर, घुमारवीं मुख्य सड़क की शीघ्र मुरम्मत के निर्देश दिए हैं ताकि लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने आज घुमारवीं में जनसुनवाई के दौरान विभागीय अधिकारियों को जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश दिए। राजेश धर्माणी ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने अपने अढ़ाई वर्ष के कार्यकाल में अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, ताकि समाज के सभी पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए प्रदेश सरकार ने विशेष राहत पैकेज प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

### मानसून वर्षा

प्रदेश में मानसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। इस वर्षा से जहां अभी तक राज्य को करोड़ों रूपए की संपत्ति का नुकसान पहुंचा है वहीं जानमाल को भी भारी नुकसान हुआ है। अधिकतर नदी–नाले उफान पर हैं और बांधों का जलस्तर भी बढ़ रहा है, जिसके चलते लोगों व पर्यटकों को यात्रा से पहले भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों व उन जगहों से दूर रहने की सलाह दी गई है। राज्य आपदा परिचालन केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में भारी वर्षा व भूस्खलन के कारण तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 3 सौ 95 सड़कें अभी भी यातायात के लिए अवरूद्ध हैं जबकि 6 सौ 69 बिजली ट्रांसफार्मर व 5 सौ 29 पेयजल योजनाएं ठप पड़ी हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त तक राज्य के अलग–अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है।

**11 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में बारिश होने की संभावना है। 12 अगस्त को ये संभावना है कि कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसके**

**बाद 13 व 14 अगस्त को कुल्लू, मंडी, सोलन, शिमला व सिरमौर में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट है। तो ओवर ऑल जो वैदर है 11 से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा। अगस्त माह की बात करें तो पूरे प्रदेश में इस महीने 16 प्रतिशत ज्यादा बारिश दर्ज की जा चुकी है।**

**नीति आयोग–टिंकरिंग दिवस**

नीति आयोग ने आज विशाल टिंकरिंग दिवस मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दस हजार से अधिक अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाओं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

---------------------------------------------------------------------------------------------------